# कबाड़ से जुगाड़

विज्ञान के कुछ सस्ते सरल और रोचक खिलौने

लेखक

**अरविन्द गुप्ता**

चित्र एवं साजसज्जा

**अविनाश देशपाण्डे**

संस्करण: 1989
दूसरा संशोधित संस्करण: 1991
पुनर्मुद्रण: 1993
पाँचवाँ पुनर्मुद्रण: 2003/10,000 प्रतियाँ
छठवाँ पुनर्मुद्रण: 2007/5,000 प्रतियाँ
सातवाँ पुनर्मुद्रण: अक्तूबर 2008/15,000 प्रतियाँ
आठवाँ पुनर्मुद्रण: नवम्बर 2008/30,000 प्रतियाँ
नौवाँ पुनर्मुद्रण: नवम्बर 2008/30,000 प्रतियाँ
दसवाँ पुनर्मुद्रण: दिसम्बर 2008/60,000 प्रतियाँ
ग्यारहवाँ पुनर्मुद्रण: दिसम्बर 2008/20,000 प्रतियाँ
70 gsm मेपलिथो और 130 gsm मेपलिथो (कवर) पर प्रकाशित
***इस किताब की रचना कपार्ट के एक अनुदान के अन्तर्गत हुई है।***

प्रकाशक: **एकलव्य**
ई-10, बीडीए कॉलोनी शंकर नगर,
शिवाजी नगर, भोपाल - 462 016 म.प्र.
फोन: (0755) 255 0976, 2671017 फैक्स: (0755) 255 1108
www.eklavya.in
सम्पादकीय: books@eklavya.in
किताबें मँगवाने के लिए: pitara@eklavya.in

ISBN: 978-81-87171-03-4
**मूल्य: 30.00 रुपए**

मुद्रक: आर. के. सिक्युप्रिंट प्रा. लि., फोन 2687 589

---

# LITTLE SCIENCE

Written by

**Arvind Gupta**

Layout and illustrations

**Avinash Deshpande**

First Edition: 1989
Second Revised Edition: 1991
Reprint: 1993
Fifth Reprint: September 2003/10,000 copies
Sixth Reprint: October 2007/5,000 copies
Seventh Reprint: October 2008/15,000 copies
Eighth Reprint: November 2008/30,000 copies
Ninth Reprint: November 2008/30,000 copies
Tenth Reprint: December 2008/60,000 copies
Eleventh Reprint: December 2008/20,000 copies
Paper: 70 gsm maplitho & 130 gsm maplitho (cover) paper.
***This book was developed under a grant from CAPART.***

ISBN: 978-81-87171-03-4
**Price: Rs. 30.00**

Published by: **EKLAVYA**
E-10, Shankar Nagar, Bhopal (MP) 462 016
Phone 0755) 654 9033 Fax (0755) 246 1703
Editorial: books@eklavya.in For orders: pitara@eklavya.in
www.eklavya.in

Printed at R.K. Secuprint Pvt. Ltd., Phone 2687 589

# क्या न करें

एक पालक ने एक महँगे खिलौने को उसके चमकीले डिब्बे से निकालकर बच्ची को यह कहते हुए दिया 'इससे सम्भालकर खेलना, तोड़ना नहीं'। खिलौने के सभी कोने गोलाई लिये हुए थे इसलिये बच्ची उसकी किसी किनार को भी छू न पायी। क्योंकि खिलौना प्लास्टिक का बना था इसलिये उसे ज़मीन पर ठोक भी न पायी। खिलौने में न कोई सुगंध थी और न ही कोई स्वाद। तीन मिनट के अन्दर ही वह बच्ची खिलौने को एक कोने में छोड़कर उसके डिब्बे से खेलने में व्यस्त हो गई। उसे मालूम था कि डिब्बे से ठोका-पीटी करने से उस पर कोई चिल्लायेगा नहीं। अपने दृष्टिकोण से उस छोटी सी बच्ची ने खिलौने का ठीक से मूल्यांकन किया था।

बच्चे हमेशा किसी-न-किसी खोजबीन में व्यस्त रहते हैं। अपने खाली क्षणों में वह कुछ-न-कुछ जुगाड़ या प्रयोग करते रहते हैं। वह इधर-उधर का कबाड़ इकट्ठा कर उससे कुछ-न-कुछ रचनात्मक चीज़ बनाते ही रहते हैं। इन साधारण चीज़ों के साथ खेल-खिलवाड़ में ही वह बहुत कुछ सीख जाते हैं। फेंकी हुई सस्ती चीज़ों से प्रयोग करने का एक फायदा यह है कि उनके उपयोग से बड़े झल्लाते नहीं हैं।

गणित एक सुन्दर विषय है। उसका उत्पादन और वास्तविक जीवन से करीबी का सम्बन्ध है। परन्तु जिस खराब तरीके से यह विषय स्कूलों में पढ़ाया जाता है उससे बच्चों में आजीवन गणित के प्रति एक नफरत पैदा हो जाती है। एक संवेदनशील पालक या शिक्षक की हैसियत से हमको कम-से-कम बच्चों में किसी विषय के प्रति नफरत नहीं पैदा करनी चाहिये। अगर हमें किसी विषय को मानवीय तरीके से पढ़ाना नहीं आता हो तो हमें उसे बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा और क्षमताओं पर छोड़ देना चाहिये। शायद किसी दिन उनकी उस विषय में रुचि जागेगी, और तब वह उसके बारे में सब कुछ खोज निकालेंगे।

आजकल पाठ्य पुस्तकें शिक्षा का पर्याय बन गयी हैं। शिक्षक ज्ञान के भण्डार को बच्चों के गलों में ठूंसने को तत्पर हैं। उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं है कि बच्चे उस ज्ञान को पचा पा रहे हैं या नहीं। पर ज्ञान तो समुद्र जैसा अथाह है। समुद्र में से चाहे कितना ही पानी उलीचो - ड्रम भर, प्याली भर, चम्मच भर या एक बूंद। पर एक काम मत करो। कम-से-कम बच्चों से समुद्र तट पर घूमने की खुशी तो न छीनो।

इस पुस्तक में विज्ञान के कुछ सस्ते, सरल और रोचक प्रयोग दिये हैं। इनमें से कई तो मैंने स्वयं बच्चों, बड़ों और अन्य पुस्तकों से सीखें हैं। पुस्तक का अंग्रेज़ी नाम **'साइंस एज'** नामक पत्रिका से लिया गया है। इसमें **'लिटिल साइंस'** शीर्षक के अंतर्गत इनमें से कई लेख छपे थे।

बच्चे अनुभव द्वारा सीखते हैं। अगर वह विज्ञान के सिद्धांतों को किसी खिलौने अथवा किसी ज़िन्दगी के असली अनुभव में देखते हैं तो वह उन्हें ज़्यादा अच्छी तरह समझ में आते हैं। स्कूलों के पाठ्यक्रमों में अक्सर सूत्रों और परिभाषाओं के रटने और उलटने पर ही ज़ोर दिया जाता है। स्कूल कोर्स कवर (पूरा) करने में ही लगे रहते हैं। वह भूल जाते हैं कि शिक्षा का सच्चा काम चीज़ों का असली रूप उभारना और निखारना है।

